## सार-समाचार

### जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रमुख कैलादेवी लक्खी मेले के शुरू होने से पहले विभिन्न मांगों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर से युवाओ ने मुलाकात कि और कुछ जरूरी व्यवस्थाओं की मांग रखी।युवा परिषद के जीतू शुक्ला ने बताया कि मेले में आने वाले यात्रियों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा तो करौली जिले कि सकारात्मक छवि नजर आएगी जिनमें मुख्य रुप से पांडे का कुआ स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मियों कि ड्यूटी सुनिश्चित की जाए ताकि मेले में आने वाले भक्तजनों को 24 घंटे प्राथमिक उपचार कि सुविधाएं मिल पाए साथ ही भद्रावती नदी एवं पांचना पुल पर गोताखोर और पुलिस जवानों कि व्यवस्था कि जाए ताकि समय रहते नदियों पर होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके उन्होने बताया कि शहर के मध्य पानी के टैंकर लगवाए जाएं ताकि गर्मी में पीने का पानी आसानी से मिल पाए कैलादेवी पद मार्ग पर सफाई करवा कर मिट्टी डलवाई जाए ताकि पैदल जाने वाले यात्रियों को गर्मी में आसानी हों वही नगर परिषद को निर्देशित करते हुए मेले के दौरान सफाई कि जो व्यवस्था है दिन में कम से कम 3 बार सफाई करवाई जाए ताकि शहर के मध्य गंदगी ना हो और यात्रियों को भी गंदगी का सामना ना करना पड़े एवं कैलादेवी क्षेत्र में चल रहे अवैध डग्गेमार वाहनों पर कार्यवाही कि जाए जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रहे दूसरी तरफ सामान्य चिकित्सालय में ओपीडी बढ़ाई जाए ऐसी कुछ मांगो कों लेकर ज्ञापन सौंपा इस दौरान पूर्व सैनिक रणवीर सिंह जादौन, पार्षद दीपक शाक्ययार, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र चैधरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सहायक निदेशक ने किया निरीक्षण

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशों की अनुपालना में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमालपुरा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राजौली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक मीना ने मिड-डे मील के तहत् पोषाहार एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के तहत् दुग्ध पाउडर की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था को जमीनी स्तर पर जाँचा। कक्षाओं में सहायक निदेशक ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर शैक्षिणक स्तर का भी जायजा लिया। सहायक निदेशक ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्ता पूर्ण मिड-डे भोजन के साथ-साथ शिक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करना है। इस दौरान उन्होंने मिड-डे मील से संबन्धित रसोई घर, बर्तन आदि की साफ-सफाई, गेंहू-चावल आदि खाद्य पदार्थों की भंडारण व्यवस्था, मेनू, उपस्थिति पंजिका, स्टॉक पंजिका एवं मिल्क पाउडर की उपलब्धता सहित बनाए गए पोषाहार की स्वयं चखकर जाँच की। साथ ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक गुरुवार को मिड-डे मील में सीजनल फल भी वितरित करवाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को प्रदान किये।तत्पश्चात उन्होंने कक्षा 1, 2, 6 और 8 के अध्यनरत छात्र-छात्राओं से पूर्व के दिनों में उपलब्ध कराये गए पोषाहार की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं ने सहायक निदेशक को अवगत कराया कि उन्हें विद्यालय प्रशासन द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक गुरुवार को गुणवत्ता पूर्ण पोषाहार के साथ मौसमी फल भी प्रदान किए जाते हैं।

### कलक्टर ने उपस्थिति पंजिका को जांचा

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका को जाँचा छात्र-छात्राओं संवाद कर शैक्षिणक गुणवत्ता के स्तर का भी जायजा लिया।जिला कलक्टर ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करना है। इस दौरान जिला कलक्टर ने कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया और नियमित रूप कक्षाओं में उपस्थित रहकर निष्ठापूर्वक अध्ययन कर अग्रणी स्थान प्राप्त करने की प्रेरणा दी। शैक्षिणक स्टाफ को पाठ्यक्रम पूर्ण कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने के निदेश प्रदान किए।

### खेल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**करौली,** (निसं)। वीणा महाविद्यालय पी.जी. कॉलेज करौली के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मन धाकड़ ने बताया कि महाविद्यालय में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन रमेशचंद गुप्ता जिला खेल अधिकारी करौली के आदेश कि पालना में खेल प्रतियोगिता कराई गई जिसमे विभिन्न प्रकार के खेल कबड्डी,रुमाल झपट्टा और 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमे महिला कबड्डी खेल में प्रथम स्थान हाडा रानी का रहा एवं द्वितीय स्थान लक्ष्मी बाई का रहा महिला कबड्डी में पिस्ता, दीक्षा,कोमल व सुमन मीना का अच्छा प्रदर्शन रहा इसी प्रकार दौड़ 100 मीटर में दिलकेशी मीना ने प्रथम, श्रुतिका जादौन ने द्वितीय तथा प्रीति गुर्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया रुमाल झपट्टा खेल में अहिल्याबाई बाई ने प्रथम व कालीबाई दल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 नवंबर को

**करौली,** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान करौली के तत्वाधान में माली समाज का सातवां सामूहिक विवाह सम्मेलन करौली जिला मुख्यालय पर मंडरायल रोड स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में आगामी देवउठनी एकादशी 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

# लोक अदालत में दो करोड़ 35 लाख रूपए के अवार्ड पारित

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में वर्ष की प्रथम राष्ट्र ीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका सचिव ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों के निस्तारण के लिए तालुका गंगापुर सिटी में कुल ०2 बेंचों का गठन किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रथम बेंच की अध्यक्षता रेशमा खान, अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश संख्या 2, गंगापुरसिटी द्वारा की गई।

खान ने बताया कि लोक अदालत विवादों को निपटाने का वैकल्पिक साधन है जहां विवादों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है यह कम समय में विवादों को निपटाने के लिए आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया है। लोक अदालत के अवसर पर अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या संख्या 1 श्रीमती सना खान, उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी श्री बृजेंद्र मीणा, पैनल अधिवक्ता राजेश शर्मा ने लोक अदालत में समझाइश कर प्रकरणों का निस्तारण किया। इस दौरान बडी संख्या में पक्षकार, अधिवक्ता गण, बैंकों के अधिकारी गण व राजस्व न्यायालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। लोक अदालत में सभी बैंचो द्वारा कुल 56० प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमे 2 करोड 35 लाख रुपए से अधिक के अवार्ड पारित किए गए। पूरे दिन चली लोक अदालत के दौरान बेंच संख्या 1 के द्वारा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 1 के 39 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया इसी बेंच के द्वारा अपर जिला में सेशन न्यायाधीश संख्या 2 के 38 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी के लंबित 115 प्रकरणों का निस्तारण किया गया और प्रिलिटिगेशन स्तर के मामलों में 296 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। बेंच संख्या 2 के द्वारा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुरसिटी के 27 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया इसके साथ ही अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायाधीश की संख्या 1, गंगापुरसिटी के 11 प्रकरणों तथा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 के 17 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्राम न्यायालय के 17 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया।




राष्ट्रीय लोक अदालत में मोजूद न्यायिक अधिकारी।

# छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

**करौली,** (निसं)।पिलानी ए.पी. पब्लिक स्कूल का पहला वार्षिक उत्सव भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित प्रकाश चंद जती एवं विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र सिंघल यूनीक कंप्यूटर उपस्थित रहे।

करौली शहर के नगाडखाना दरवाजा गोपालजी मंदिर के निकट संचालित पिलानी एपी पब्लिक स्कूल मे वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें समाज को जागरूक करने वाले महत्वपूर्ण संदेश समाहित थे। नशा मुक्ति पर एक नाट्यय प्रस्तुति ने दर्शकों को झकझोर दिया वहीं स्वच्छता अभियान पर आधारित नृत्य नाटिका ने स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता को दर्शाया। महिला सशक्तिकरण विषय पर प्रस्तुत नाटक ने लड़कियों की शिक्षा और समानता का संदेश दिया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि पंडित प्रकाश चंद जती ने अपने संबोधन में छात्रों कि रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता कि सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और इन प्रस्तुतियों ने सिद्ध कर दिया कि हमारे बच्चे समाज कि बेहतरी के लिए जागरूक और तत्पर हैं। विद्यालय संचालिका श्रीमति प्रमोद कंवर एव श्रीमती आरती पाल ने सभी छात्रों,शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल बच्चों कि प्रतिभा को निखारने का माध्यम बना बल्कि समाज को सकारात्मक संदेश देने का भी सशक्त जरिया साबित हुआ। पूरा समारोह उत्साह, जोश और सामाजिक सरोकारों से भरा रहा जिसने सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।




सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## महिला दिवस मनाया

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय स्थित कैंब्रिज वाल आदर्श माध्यमिक विद्यालय करौली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप जलाकर कि गई कार्यक्रम मे कमला शर्मा सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रियंका गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा संगठन जिला अध्यक्ष अभय कुमार शास्त्री के तत्वाधान में अध्यापिका अंजलि स्वामी के द्वारा चुनरी उड़ाकर व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया तथा अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अभय कुमार शास्त्री के द्वारा महिलाओं को राजकीय निशुल्क योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा शिव कुमार शर्मा पूर्व डीआईईसी के द्वारा बालिकाएं एवं महिलाओ के राष्ट्र निर्माण के साथ घर परिवार में संस्कार, आर्थिक क्षेत्र, राजनीतिक क्षेत्र की मजबूती के साथ प्रदेश,देश और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में नाम रोशन कर रही है। विद्यालय के संस्था प्रधान नरेश गौतम के द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिलाओं कि उपलब्धि,संघर्ष देश और राष्ट्र के लिए किए गए योगदान के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## कब्जा हटाया

**भरतपुर,** (निसं)। हाईकोर्ट में केस जीतने के बाद रविवार को नगर निगम ने सनातन धर्म स्कूल की जमीन से कब्जा हटाया। नगर निगम ने स्कूल के तीन तरफ की बाउंड्री को तोड़ा और प्ले ठााउंड में बुलडोजर से नींव खोदी गई। स्कूल की देवरों के बगल से कुछ बूथ भी थे जिन्हें नगर निगम द्वारा हटाया गया। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई ने बताया कि सनातन धर्म स्कूल की जो जमीन थी। उससे आगे नगर निगम की जमीन थी। जिस पर सनातन धर्म स्कूल की तरफ से कब्जा किया हुआ था। जिसका लंबे से हाईकोर्ट में केस चल रहा था। उस केस को नगर निगम जीत चुकी है। आज 2 हजार गज जमीन से नगर निगम ने कब्जा हटाया है। यह काफी बेशकीमती जमीन है।

# मित्तल अध्यक्ष, पहाड़िया सचिव, गोयल वित्त सचिव निर्विरोध निर्वाचित

**भुसावर,** (निसं)। सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण के उददेश्य को लेकर कस्बे में कार्य कर रही भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष, सचिव व वित्त सचिव के चुनाव कल देर सांय कस्बे की दीवली रोड स्थित कलावती भवन में प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक देवेन्द्र कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य व प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढाओ प्रकल्प प्रभारी पंकज जैन के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रांतीय राष्ट्रीय पर्व प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए।

बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी व उपाध्यक्ष नीरज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में वित्त सचिव राजेश गोयल ने इस सत्र 2024-25 का आय व्यय का ब्यौरा दिया एवं सचिव डॉ विजय पहाडिया ने शाखा द्वारा इस सत्र मे किए गए कार्यो का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शाखा की ओर से मोतियाबिंद शिविर, स्कूल बैग वितरण, ब्लू प्लस एनीमल हेल्पलाइन, भारत को जानो प्रतियोगिता, गुरुवंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम, एम्बूलेन्स, आदि जैसे कई प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कस्बे में भरपूर प्रशंसा की जा रही है।इसके पश्चात प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक देवेन्द्र कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य व प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढाओ प्रकल्प प्रभारी पंकज जैन के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रांतीय राष्ट्रीय पर्व प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल की अध्यक्षता में शाखा के सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष, सचिव व वित्त सचिव का चुनाव सम्पन्न कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति व निर्विरोध रूप से पुनः शिक्षाविद् मनीष मित्तल को अध्यक्ष, चिकित्सक डॉ. विजय पहाडिया को सचिव व व्यवसायी राजेश गोयल को वित्त सचिव का दायित्व सौपा जाकर शपथ दिलाई गई।

## सार-समाचार

### रोचक हुए मुकाबले

**भरतपुर,** (निस)। इण्डियन स्टाइल भरतपुर जिला कुश्ती संघ एवं भूरी सिंह व्यायामशाला के तत्वावधान में लोहागढ स्टेडियम स्थित महाराजा सूरजमल कुश्ती स्टेडियम में खेल एवं युवा विभाग नगर निगम व जन सहयोग से राष्ट्रीय स्तर का 44वां लोहागढ केसरी-कुमार-किशोर व बसंत खिताब के क्वार्टर फाइनल सेमी फाइनल व फाइनल में रोचक मुकाबले हुए। पारितोषिक वितरण में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डा. अमित यादव, अध्यक्षता सीताराम गूप्ता ने की। दंगल का संचालन संयोजक चुन्नी कप्तान व लाखन पहलवान ने किया। निर्णायक मण्डल में कुश्ती कोच सत्यप्रकाश, गंगा सिंह, गोतम सिंह, भगवान सिंह, नरेन्द्र सिंह, टिंकू खान, जीतू अजान, अर्जन सिंह, तेजेन्द्र लाला ने भूमिका निभाई। अतिथियों का स्वागत करने वालों में चुन्नी कप्तान, लाखन पहलवान, दलवीर हाथी, चन्द्रवीर, बाबू सिंह सिंह रेंजर, जगदीश सिंह, कनित्थन पहलवान, ब्रजेश शर्मा, बलवीर सिंह, रमेश सतीजा ने किया। सभी अतिथियों को माला व साफा पहनाकर स्मृति चिंह से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में इस कला को जीवन्त रखने हेतु कुश्ती संघ भूरी सिंह व्यायामशाला की सराहना की। परिणाम इस प्रकार रहे। जिसमें लोहागढ केसरी प्रथम जोगेन्द्र सोनीपत को 111000 रू. एक गुर्ज चांदी की पट्टा व ड्राई फ्रूट, लोहागढ केसरी द्वितीय विपिन सोनीपत को 51000 रू. एक शील्ड ड्राई फूरट लोहागढ केसरी तृतीय सचिन सोनीपत को 15000 रू. एक शील्ड लोहागढ केसरी चतुर्थ कशित जयपुर 10000 रू. एक शील्ड लोहागढ कुमार प्रथम रोहित आर्मी को 51000 रू. एक शील्ड, पट्टा, ड्राई फूरट लोहागढ कुमार द्वितीय नवीन आर्मी को 21000 रू. एक शील्ड, ड्राई फूरट लोहागढ कुमार तृतीय कपिल पानीपत को 10000 रू. एक शील्ड, ड्राई फूरट लोहागढ कुमार चतुर्थ कुलशेर पलवल को 5000 रू. एक शील्ड लोहागढ किशोर प्रथम देश शर्मा व्यावर को 31000 रू. एक शील्ड पट्टा, ड्राई फ्रूट लोहागढ किशोर द्वितीय योगेकश सीकर को 10000 रू. एक शील्ड, ड्राई फूरट लोहागढ किशोर तृतीय सूरज भीलवाडा को 5000 रू. एक शील्ड लोहागढ किशोर चतुर्थ श्यामवीर परमदरा को 3000 रू. एक शील्ड लोहागढ बसंत प्रथम नसीब दिल्ली को 21000 रू. एक शील्ड पट्टा, ड्राई फूरट लोहागढ बसंत द्वितीय अभिषेक नदवई को 10000 रू. एक शील्ड, ड्राई फूरट लोहागढ बसंत तृतीय हितेश दिल्ली को 3000 रू. एक शील्ड लोहागढ बसंत राकेश नीमदा का थाना चतुर्थ को 2000 रूपये। बाल पहलवानों की स्पेशल कुश्तियां भी कराई गई। विजेता पहलवानों को पुरस्कार वितरण के साथ निर्णायक मण्डल के सभी कुश्ती कोचों व जिले में संचालित अखाडों के सभी प्रभारियों को व सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी हेमेन्द्र चौधरी सीआई अटलबंद व सफाई व्यवस्था प्रभारी वेदराम को भी अच्छे कार्य में सहयोग करने हितु स्मृति चिंह व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### सेमिनार का हुआ आयोजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएड प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका निशा सैनी ने की। मुख्य वक्ता डीएलएड की छात्राध्यापिका रीना मीणा रही। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने जीवन के हर क्षेत्र में अपनी छाप छोडी है चाहे वह शिक्षा हो। राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान महाविद्यालय की प्रवक्ता सुश्री मोना मथुरिया ने महिला दिवस 2025 की थीम शएक्सीलरेट एक्शनश् पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए समानता और न्याय की दिशा में तेजी से काम करना है। महाविद्यालय की प्रवक्ता श्रीमती भावना खंडेलवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के इतिहास से परिचित कराया। प्रवक्ता डॉ गोविंद प्रसाद शर्मा ने महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं महिलाओं को आगे बढाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं जतिन जोगी, पूर्ति मीना, आयुषी गुप्ता, प्रिया सैनी, योगिता पटेल आदि ने भी विभिन्न कविताओं एवं प्रसंगो के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता विजयराज त्रिवेदी, केशव लाल गुप्ता, नवदीप शर्मा, गोपाल मुद्गल, सुमित कुमार दुबे, डॉ लक्ष्मण कुमार गुप्ता, श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा, विपिन बिहारी शर्मा, श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती आरती शर्मा आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। मंच संचालन छात्राध्यापिका सुमन मीणा ने किया। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही निशा सैन ने महिलाओ को अपने जीवन में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का सन्देश दिया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

### भाजपा कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**करौली,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जिला करौली कि कोर कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि जिले कि कोर कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष कि अध्यक्षता में सर्किट हाउस में संपन्न हुई। जिसमें संगठनात्मक बिंदुओं पर चर्चा कि गई इस दौरान करौली धौलपुर लोकसभा निवर्तमान सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज बालोती,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह धाभाई,धर्मा डांगुर, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला संयोजक नगर पंचायत परिसीमन जिला करौली भौरूसिह जादौन,सहसंयोजक कैलाश शर्मा, दिलीप गुप्ता,पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,रमेश राजोरिया,प्रहलाद सिंहल,शिव कुमार सैनी,जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला,हरि सिंह बैरवा, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी आदि मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाई

**नदबई,** (निसं)। भौसिंगा में शनिवार देर रात अज्ञात कारण के चलते एक युवक ने फांसी लगाते हुए खुदकुशी कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने नदबई चिकित्सालय में युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव भौसिंगा निवासी विजय सिंह पुत्र जगमोहन सिंह ने, अज्ञात कारण के चलते अपने कमरें में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया। बाद में पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंपा।

# नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)।भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र ीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा सदस्यता पर्व अभियान 2024 के अंतर्गत जिला सवाईमाधोपुर के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष एवं गंगापुर सिटी के पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर एवं निर्वाचित भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम मिर्जापुर रोड स्थित सोनी मैरिज हॉल में किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि रामभरोसी वैष्णव मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों द्वारा 21 किलो की फूलमाला एवं साफा पहनाकर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर और नवनिर्वाचित भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया। मीडिया प्रमुख एवं समाजसेवी धनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विभिन्न संगठनों, मेडिकल एसोसिएशन, रॉक स्टार क्लब सहित संगठनों के पदाधिकारीयो द्वारा अपने उद्बोधन में अपने लम्बे राजनीतिक अनुभव और कर्मठ कार्यशैली के आधार पर जिलाध्यक्ष गुर्जर को गंगापुर सिटी के विकास का निष्ठावान सिपाही बताते हुए उनसे भविष्य में गंगापुर सिटी शहर के विकास के लिए विशेष बजट हेतु अपने प्रयासों को गति देने का आग्रह किया गया।

इस पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष गुर्जर द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी मेडिकल एसोसिएशन, रॉक स्टार क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सदस्यगणों द्वारा किए गए भव्य, स्वागत अभिनंदन से अभिभूत होकर आभार व्यक्त करते हुए संपूर्ण सवाईमाधोपुर जिले में विशेष रूप से गंगापुर सिटी को अपने हृदय में बसे होने की बात कहते हुए अपनी ओर से प्रदेश सरकार से गंगापुर सिटी के विकास कार्यो हेतु अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त करने का सकारात्मक प्रयास करने का विश्वास दिलाया।

नवनिर्वाचित भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने अपने उद्बोधन में आगामी नगर निकाय चुनावों में गंगापुर सिटी में पूर्व की तरह भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए पूर्ण बहुमत से नगरपरिषद में भाजपा का बोर्ड बनाने का सभी व्यापारियों, संगठनों, एसोशिएशन पदाधिकारीयो सदस्यगणों और शहरवासियों से आग्रह किया। साथ ही पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर द्वारा अपने विधानसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल के दौरान गंगापुर सिटी को दी गई सभी सौगातों का जिक्र कार्यक्रम के दौरान करते हुए उनकी कार्यशैली का परिचय दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र मित्तल द्वारा किया गया।




जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

## फागोत्सव में बरसा रंग

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र की नरसिंह कॉलोनी में महिला मंडल द्वारा फागोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा भगवती के घर किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका सुनीता शर्मा ने बताया कि महिला मंडल एंड पार्टी द्वारा मनमोहक फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई , एवं बताया कि होली रंगों का त्योहार है जो भारत में मनाया जाता है। होली को कई रूपों में जाना जाता है जैसे- वसंत का त्योहार, रंगों का त्योहार और प्यार व सद्भावना का त्योहार। होली बसंत के आगमन और सर्दियों के अंत का प्रतीक है। होली एक ऐसा रंग बिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। कार्यक्रम में सुनीता देवी, अनुराधा शर्मा, मीनू शर्मा, मंजु देवी, मेघा शर्मा, आराधना जोशी, सुमन जिंदल, प्रीति गुप्ता, अरुणा गुप्ता, संगीता शर्मा, कोमल शर्मा, चंचल दीक्षित, मीना शर्मा आदि महिलाएं शामिल थी।

# होली मिलन समारोह मनाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)।स्थानीय चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज द्वारा विजय पैलेस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक ब्राह्मण परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा होली के भजन प्रस्तुत किए गए और फूलों की होली खेली गई। सभी उपस्थित जनसमूह ने होली गीतों पर नृत्य कर पर्व का आनंद उठाया।

चाणक्य परिवार के समन्वयक डॉ हेमन्त शर्मा ने बताया कि चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी विगत 2006 से समाज के दो प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम होली मिलन समारोह और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करता आ रहा है। इस विचारधारा से लगभग 5000ब्राह्मण परिवार पिछले 17 वर्षो से जुडे हुए हैं। अब तक चाणक्य परिवार स्थानीय स्तर पर ही कार्यरत था, लेकिन इसके सदस्यों की इच्छा थी कि इसका कार्यक्षेत्र व्यापक किया जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए होली मिलन समारोह के अवसर पर सर्वसम्मति से चाणक्य परिवार का विलय विप्र फाउंडेशन में करने का निर्णय लिया गया। विप्र फाउंडेशन एक वैश्विक स्तर पर कार्य करने वाला सामाजिक संगठन है, जो ब्राह्मण समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए कार्य करता है। 2००9 में स्थापित इस संगठन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र ीय एकता, सामाजिक समरसता और स्वजातीय गतिशीलता को बढावा देना है। यह संगठन छात्रवृत्ति एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करता है और विवाह सहायता एवं रोजगार सृजन के लिए भी कार्य करता है। अब तक चाणक्य परिवार के बैनर तले होने वाले सभी सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में विप्र फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित किए जाएंगे। इससे समाज के विकास कार्यो को अधिक व्यापक स्तर पर गति मिलेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर सैकडों गणमान्य ब्राह्मण परिवार उपस्थित रहे और उन्होंने इस निर्णय का स्वागत किया। कार्यक्रम में बाल कृष्ण शर्मा, देवेन्द्र पाठक, गोपाल शर्मा पार्थ, प्रदीप त्रिपाठी गुरुकुल, नरेश शर्मा, सतीश शर्मा, मोहनलाल बोहरा, श्याम सेवा, केशव गौतम, विधु साईं गौड, हनुमान द्विवेदी, शिवचरण अन्ना, दिलीप तिवाडी, विष्णु गुरुजी, शैलेंद्र शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सहारिया, रमेश शर्मा अमरगढ, गोविंद दीक्षित, महेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा सूरसागर, मोहनलाल शर्मा कंपाउंडर आदि मौजूद रहे।



गीतों पर थिरकते ब्राहमण समाज के लोग।